# तेरा हर पल करूँ शुकर सांवरे भजन लिरिक्स

तेरा हर पल करूँ शुकर सांवरे,
तेरे होते ना कोई फिकर सांवरे,
तेरे होते ना कोई फिकर सांवरे,
तेरा हर पल करूँ शुकर साँवरे।bd।

तर्ज – चलता रहूँ तेरी ओर सांवरे।

---

तेरी चौखट पे आकर,
मिल जाती खुशियां सारी,
दे फटकारा मोरछड़ी का,
तूने दुनिया तारी,
एक बार पकड़ ले तू हाथ सांवरे,
तेरा हर पल करूँ शुकर साँवरे।bd।

---

हारे हुए अपने भक्तों को,
तुमने दिया सहारा,
तेरा नाम लेकर ही बाबा,
गुज़रे जीवन सारा,
तुझे हर घडी करूँ मैं बस याद सांवरे,
तेरा हर पल करूँ शुकर साँवरे।bd।

---

फागुन के मेले में दर पर,
भीड़ लगे है भारी,
भर भर बांटे खुशियां बाबा,
माने दुनिया सारी,
‘जय’ की तो बाबा अब मौज सांवरे,
तेरा हर पल करूँ शुकर साँवरे।bd।

---

तेरा हर पल करूँ शुकर सांवरे,
तेरे होते ना कोई फिकर सांवरे,
तेरे होते ना कोई फिकर सांवरे,
तेरा हर पल करूँ शुकर साँवरे।bd।

**Singer & Writer – Jai Goyal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com